# मानगो नगर निगम ने की नई पहल

## फुटपाथ पर सोने वालों को मिला आश्रय गृह का संबल व साथ में ठंड से बचाव के लिए कंबल

# फुटपाथ पर सोने वालों को भेजा गया आश्रय गृह

**जमशेदपुर.** मानगो क्षेत्र में फुटपाथ पर सोने वाले गरीबों को नगर निगम की ओर से फुटपाथ से उठाकर आश्रय गृह भेजा गया. मंगलवार की रात कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय के नेतृत्व में टीम ने मानगो गोलचक्कर, पारडीह चौक, डिमना चौक, मानगो के बाजारों आदि जगहों पर खुले आसमान के नीचे सोने वाले लोगों की खोजबीन की और कंबल भी बांटा. इस दौरान नगर प्रबंधक निशांत कुमार, सीएमएम निर्मल कुमार सहित निगम के अन्य कर्मी भी उपस्थित थे. मानगो नगर निगम क्षेत्र में दो कुमरुम बस्ती आश्रय गृह और दाइगुटू में आश्रय गृह है. यह 24 घंटे खुले रहते हैं, जहां कोई भी आश्रयहीन निःशुल्क रह सकता है.



**शाम छह से आठ बजे के बीच प्रचार-प्रसार करने का आदेश.** कार्यपालक पदाधिकारी ने एजेंसी साईं ब्यूटी एंड हेल केयर एवं सेफ अप्रोच के प्रतिनिधि शाम 6 से 8 बजे तक पूरे मानगो में आश्रय गृह का प्रचार- प्रसार और सड़क के किनारे सोये लोगों आश्रय गृह पहुंचाने का निर्देश दिय

# कड़कड़ाती ठंड से ठिठुरते गरीबों को भेजा गया आश्रयगृह, दिया गया कंबल



**जमशेदपुर :** मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने क्षेत्र की मुख्य सड़कों का दौरा कर सड़क किनारे या फुटपाथ पर कड़कड़ाती ठंड में सोए लोगों को कंबल दिया. ऐसे लोगों को आश्रय गृह ले जाने का दिया आदेश दिया. उन्होंने मानगो निगम क्षत्र के सभी अश्रय गृहों का दौरा कर वहां की व्यवस्था का जायजा लिया. इस अवसर पर नगर प्रबंधक निशांत कुमार, सीएमएम निर्मल कुमार एवं कार्यालय कर्मी उपस्थित थे.

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA